Total number of printed pages–4

24R/23A–2025 (HIN2104C)

**2025**

**HINDI**

(Major)

Paper : HIN2104C

***( Adikalin Evam Madhyakalin Hindi Kavita )***

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) *रामचरितमानस* में कुल कितने काण्ड हैं?

(ख) बिहारी किसके दरबार में रहते थे?

(ग) मीराबाई की भक्ति किस प्रकार की है?

(घ) अमीर खुसरो का जन्म कहाँ हुआ था?

(ङ) *भ्रमर गीत* में कौन-सा रस प्रमुख है?



(च) 'अभिनव जयदेव' उपाधि किन्हें प्राप्त हुई थी?

(छ) हिन्दी में वात्सल्य रस का सम्राट किसे माना जाता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर कीजिए : 2×4=8

(क) सूरदास की प्रामाणिक रचनाओं के नाम लिखिए।

(ख) ''देख-देख राधा रूप अपार।
अपुरुब के विहि आनि मिलाओल खिति-तल लावनी-सार।''
अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) कबीर की भाषा को 'साधुक्कड़ी' भाषा क्यों कहा जाता है?

(घ) मतिराम द्वारा रचित *किन्हीं दो* ग्रंथों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर दीजिए :

(क) जायसी का साहित्यिक परिचय दीजिए। 5

(ख) 'भूषण वीर रस के सर्वश्रेष्ठ कवि है'। सिद्ध कीजिए। 5

***अथवा***

(ग) ''लाजनि लपेटी चितवनि भेद-भाय भरी,
लसति ललित लोल चख तिरछानि मैं।''
—आशय स्पष्ट कीजिए।



(घ) ग्यानप्रकासी गुर मिला सो जनि बीसरि जाइ।
जब गोविन्द कृपा करि तब गुर मिलिया आइ॥ 5

***अथवा***

(ङ) मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।
जा तन की झाई परै स्यामु हरित-दुति होई॥

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किसी एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) विद्यापति को आप भक्त मानते हैं अथवा श्रृंगारी कवि। तर्कसहित उत्तर दीजिए। 10

(ख) ''संयोग श्रृंगार वर्णन में बिहारी अद्वितीय हैं।'' पुष्टि कीजिए। 10

5. निम्नलिखित में से *किसी एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) कबीर की भक्ति-भावना पर विस्तारित लिखिए। 10

(ख) 'नागमति वियोग खंड' के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए। 10

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किसी एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) सूरदास की जीवन परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। 10



(ख) तुलसीदास का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यिक विशेषताएँ लिखिए। 10